7. प्रातःकालीन-दिनचर्या

(द्वितीया-विभक्तिप्रयोगः) (द्वितीया विभक्ति का प्रयोग)

हिंदी-अर्थ–

अरुण कलम लाता है। जय दो कलमों को लाता है। विवेक बहुत सी कलमों को लाता है।)

रमा अध्यापिका को नमस्कार करती है।

विभा दो अध्यापिकाओं को नमस्कार करती है।

विभा सब अध्यापिकाओं को नमस्कार करती है।

सब छात्र पुस्तकालय जाते हैं।

वरुण संस्कृत की किताब पढ़ता है।

श्वेता हिंदी की दो किताबें लाती है।

अमन अनेक किताबें लाता है।

पृष्ठ 43

यह युवराज है। वह सुबह उठता है। वह ईश्वर को नमस्कार करता है, माता-पिता को नमस्कार करता है और दूसरे लोगों को नमस्कार करता है। वह सुबह बग़ीचे में जाता है। वहाँ घूमता है और व्यायाम करता है। उसके बाद वह घर आता है। स्नान करता है, नाश्ता करता है और दूध पीता है। उसके बाद वह विद्यालय जाता है। वहाँ वह सब अध्यापकों को नमस्कार करता है और किताबें पढ़ता है।

अभ्यासः

संकलनात्मकं मूल्यांकनम्

1. **उच्चैः पठत–ऊँचे (स्वर में) पढ़िए–**
यहाँ द्वितीया विभक्ति के तीनों वचनों में तीनों लिंगों के रूप दिए गए हैं। छात्र उन्हें पढ़ें तथा याद करें।

2. **वाक्यानि पूरयितुम् उचितकर्मपदानि चिनुत–** (वाक्य पूरे करने के लिए उचित कर्म पद चुनिए–)

(क) (*iii*) कलमम् ✓ (ख) (*i*) शिक्षिकाम् ✓

(ग) (*iv*) दुग्धम् ✓ (घ) (*i*) भोजनम् ✓

(ङ) (*iii*) पुस्तकानि ✓

3. **एकपदेन उत्तरत–** (एक शब्द में उत्तर दीजिए–)
यथा–(क) कलमान् (ख) शिक्षिकाम् (ग) पुस्तकालयम् (घ) हिन्दीपुस्तके

4. **कोष्ठकेषु दत्तेषु शब्देषु द्वितीया-विभक्तिं योजयित्वा वाक्यानि पूरयत–**
(कोष्ठक में दिए गए शब्दों में द्वितीया विभक्ति लगाकर वाक्य पूरे कीजिए–)

(क) छात्राः **विद्यालयं** गच्छन्ति। (ख) अरुणः **कलमम्** आनयति।

(ग) रमा **शिक्षिकाम्** नमति। (घ) वरुणः **पुस्तकम्** पठति।

(ङ) सः **ईश्वरम्** नमति। (च) सः **उद्यानम्** गच्छति।

5. **प्रश्ननिर्माणं कुरुत–** (प्रश्न बनाइए–)
यथा– युवराजः कम् नमति? सः कुत्र गच्छति? सः किम् पिबति?
सः कान् नमति? सः काः नमति?

6. **द्वितीयाविभक्तिपदं लिखत–** (द्वितीया विभक्ति के पद लिखिए–)
यथा– (क) पुस्तकम् (ख) विद्यालयम् (ग) शिक्षिकाम्
(घ) भोजनम् (ङ) प्रातराशम् (च) अध्यापकान्

7. **चित्रं दृष्ट्वा वाक्यानि पूरयत–** (चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए–)

(क) युवराजः **ईश्वरं** नमति।

(ख) छात्राः **विद्यालयं** गच्छन्ति।

(ग) सः **व्यायामं** करोति।